# डॉक्टर ऑन व्हील्स

[स्रोत: पी. आई. बी.](#)

हाल ही में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि **उधमपुर-कठुआ-डोडा** लोकसभा क्षेत्र के दूर-दराज के क्षेत्रों में अब तक लगभग **13,000 मरीज़ों** को **"आरोग्य-डॉक्टर ऑन व्हील्स"** द्वारा उपचार प्रदान किया गया है।

- डॉक्टर ऑन व्हील्स पहल **कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक** और विशेषज्ञ डॉक्टरों से दूरस्थ परामर्श का उपयोग करती है, जो 45 मिनट के भीतर त्वरित एवं व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करती है।
- समावेशिता और लागत-प्रभावशीलता पर ध्यान देने के साथ, यह **शहरी-ग्रामीण विभाजन** को कम करते हुए स्वास्थ्य देखभाल संबंधी असमानताओं को संबोधित करता है।

**और पढ़ें:** ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी को दूर करने हेतु लघु चिकित्सा पाठ्यक्रम, भारतीय राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा: ई-संजीवनी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/doctor-on-wheels